# सूर्या फाउण्डेशन
# आदर्श गाँव योजना

मासिक ई-पत्रिका-अंक 4 सितंबर - 2020

## चयनित आदर्श गाँव

## मेरा गाँव
## मेरा बड़ा परिवार









Facebook : sf10idealvillage

Adarsh Gaon Yojna

Surya Foundation

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## मूण्डला, सीहोर (मध्य प्रदेश)

मध्य प्रदेश में सीहोर जिले के मूण्डला गाँव में सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत चल रहे ग्राम विकास के कार्यों में इस माह स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे गाँव के 68 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवा दी गई। गाँव में समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे। डॉ. महाराज सिंह राठौर जी द्वारा ब्लडप्रेशर, शुगर, टेम्प्रेचर की जाँच की गई। साथ ही साथ वर्तमान समय को देखते हुए मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग करना, शारीरिक दूरी का पालन करना आदि कोरोना से बचाव करने की परामर्श दी। लोगों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। भीड़ वाली जगह जाते समय मास्क का प्रयोग करें। घर में रहकर योग, प्रणायाम, ध्यान करें। अपने घर व गाँव में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों को इस समय विशेष सावधान रहने की जरूरत है। सुबह-शाम गर्म पानी पियें, बाजार के सामानों का कम से कम उपयोग करें। फल व सब्जियाँ धुलकर उपयोग करें।



**इस माह में किये गये अन्य कार्य-**

- गाँव के 15 लोगों को भारत सरकार द्वारा राजमिस्त्री की ट्रेनिंग कराई गई।
- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 40 लोगों के फार्म भरे गये। लाभार्थियों को 4000/- वार्षिक का लाभ मिलेगा।
- स्वयं सहायता समूह द्वारा पापड़ बनाने का कार्य शुरू किया गया।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 10 किसानों का फसल बीमा कराया गया।



# आत्मनिर्भर बनने हेतु पौधारोपण

## पेण्ड्री, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)

पेण्ड्री (छत्तीसगढ़) में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृक्षारोपण किया गया। गाँव के 225 परिवारों में फलदार पौधे जिसमें आम, नीबू, कटहल, मुनगा, करौंदा, पपीता आदि लगाये गये। गाँव के लोगों को फलदार पौधे देकर उनकी सुरक्षा करने का संकल्प भी दिलाया गया। गाँव वालों को इन पौधों से आने वाले समय में आर्थिक लाभ मिलेगा। घर का खर्च भी कम होगा। इससे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा। घरों में सबको पौष्टिक फल मिलेंगे जिससे सभी शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।

पेण्ड्री में पिछले चार वर्षों में जो वृक्षारोपण किया गया है जिसमें लगभग 100 पौधे फल दे रहे हैं। किसान फलों को बाजार में बेचकर घर का खर्च चला रहे हैं। इस परिणाम को देखते हुए इस वर्ष भी गाँव के प्रत्येक परिवारों में पाँच-पाँच फलदार पौधे लगायें गये हैं। आने वाले समय में यह गाँव आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ता दिखाई देगा।



**इस माह में किये गये अन्य कार्य-**

- प्रत्येक रविवार को स्वच्छता दिवस मनाने का संकल्प।
- सिलाई केन्द्र द्वारा 150 मास्क वितरण।
- संस्कार केन्द्र और यूथ क्लब पर अग्निहोत्र।
- हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई गई।
- संस्कार केन्द्र के बच्चों व यूथ क्लब के युवाओं के साथ नियमित सामूहिक संध्यापाठ।
- घर-घर तुलसी पूजन कार्यक्रम।



# पशु टीकाकरण

## नांदियाकल्ला, जोधपुर (राजस्थान)

आदर्श गाँव नांदियाकल्ला में पशु टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें पशुओं को मुँहपका, गला घोटू व खुरपका रोग से बचाने के लिए टीका भी लगाया गया। साथ ही पशुपालकों को समय - समय पर टीकाकरण के लिए जागरुक भी किया गया। सूर्या फाउण्डेशन व डॉक्टरों की टीम ने घर-घर जाकर पशुओं को टीका लगाने का काम किया। गाँव की श्री गोसाई गोपाल गौशाला सहित 218 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

एक पशु के बीमार होने पर दूसरे पशुओं में हवा, पानी व चारे से बीमारियाँ फैल जाती हैं ज्यादा गंभीर अवस्था में पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है इसलिए सभी पशुओं को टीका जरूर लगाना चाहिए। टीकाकरण से किसी भी पशु के दूध उत्पादन पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। पशु स्वस्थ्य एवं निरोगी रहते हैं।




**इस माह किये गये अन्य कार्य-**

- स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वदेशी अपनाओ, बेटी बचाओ, नशामुक्ति रैलियों के द्वारा जन-जागरण
- सेवा सप्ताह के अंतर्गत 100 मास्क वितरण किये गए।
- 50 परिवारों में गृह सज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता।
- घर-घर तुलसी पूजन एवं हवन किया गया।
- कोरोना योद्धाओं के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान।



# पॉलीथिन मुक्त गाँव : थैला वितरण

## नयागाँव, झज्जर (हरियाणा)

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चयनित आदर्श गाँव नयागाँव में स्वयं सहायता समूह की बहनों ने थैले बनाए। जिसमें हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का छायाचित्र लगाया गया और गाँव की महिलाओं को वितरण किया गया साथ ही साथ बताया गया कि आप लोग पॉलिथीन का उपयोग न करके गाँव में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित थैलों का उपयोग करें।

हम बाजार जाते हैं तो पॉलिथीन में अपने घर की सामग्री लाते हैं सामग्री लाने के बाद पॉलीथीन को कचरे में डाल देते हैं उसे दोबारा उपयोग नहीं करते परन्तु कपड़े के थैलों का उपयोग बार-बार किया जा सकता है। गाँव में बनने वाले थैले के उपयोग से गाँव में स्वरोजगार बढ़ेगा और गाँव का पैसा गाँव में ही रहेगा। जिससे गाँव को दो फायदे मिलेंगे एक तो हमारे गाँव की समूह की बहनों को आर्थिक लाभ होगा और उनके घर का खर्च ठीक प्रकार से चल सकेगा। महिलाएँ आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही साथ हम पॉलीथिन मुक्त गाँव की तरफ अग्रसर होंगे।




### इस माह में किये गये अन्य कार्य-

- समूह की 100 बहनों को सैनिटाइजर वितरण किया गया।
- गाँव की महिलाओं को 250 मास्क वितरण दिया गया।
- 150 परिवारों में डस्टबिन वितरण किय गया।
- गाँव में पर्यावरण की शुद्धि के लिए हवन कराया गया।



# गाँव की समृद्धि के लिए हवन पूजन

## फफूण्डा, मेरठ (उत्तर प्रदेश)

देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के 70 वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 23 सितंबर तक सूर्या फाउण्डेशन द्वारा सेवा सप्ताह मनाया गया। इसके अंतर्गत भाषण, चित्रकला, गीत तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। परिवारों को ताजी और हरी सब्जियाँ मिले इसके लिए पोषण वाटिका तैयार कराई जा रही है।

गाँव में जन-जागरण के लिए नशामुक्ति रैली, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ रैली, स्वदेशी अपनाओ रैली और जन-जागरण रैली निकाली गई। इसी के अंतर्गत मेरठ क्षेत्र के आदर्श गाँव फफूण्डा में संस्कार केन्द्र, स्वयं सहायता समूह की माताएँ/बहनें, यूथ क्लब के युवा और सेवाभावियों द्वारा गाँव की सुख समृद्धि के लिए हवन कार्यक्रम भी किया गया।

हवन पूजन का कार्यक्रम पूरे विधि-विधान से संपन्न किया गया। हवन करने से हमारे आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और यह हमारे पुरातन संस्कृति और संस्कारों को पुनर्जीवित करने का बहुत बड़ा माध्यम है। गाँव में प्रत्येक माह हवन पूजन किया जायेगा ताकि गाँव में बच्चों के अंदर धार्मिक जागरुकता बढ़े।

**स्वावलंबी स्वाभिमानी भाव जगाना है,**
**चलो गाँव की ओर हमें फिर देश बनाना है।**

### इस माह में किये गये अन्य कार्य-

- संस्कार केन्द्र पर कविता लेखन, चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करायी गयी।
- यूथ क्लब सेवा अभियान संस्कार केंद्र के भैया बहनों द्वारा सामूहिक श्रमदान किया गया
- सेवा भावी की मदद से गाँव में 10 बड़े डस्टबिन सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए गये।
- सिलाई केन्द्र की बहनों द्वारा 151 नि:शुल्क मास्क वितरण किया गया।
- दो बहनों को सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया गया।
- 6 एक वृद्धा पेंशन का लाभ दिलवाया।
- 7 चल पुस्तकालय के लिए सेवाभावियों की मदद से 5 नई पुस्तकें खरीदी गई।






# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान

## लोनाँव, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

आज लोगों में यह आम धारणा बन गई है कि बेटी पैदा होना एक अभिशाप है, बेटी घर के लिए समस्या है। परन्तु ऐसा नहीं है आज की बेटियाँ ऊँचे पदों तक पहुँच रही हैं। आज खेल, राजनीति, सेना आदि क्षेत्रों में भागीदारी कर रही हैं। यदि हमे माँ, बहन, पत्नी चाहिए तो बेटी को बचाना होगा और उन्हें शिक्षित करना होगा। इसके लिए सूर्या फाउण्डेशन द्वारा गोरखपुर के चयनित आदर्श गाँव में "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" के लिए जनजागरण रैली निकाली गई, जिसमें गाँव के हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया और यह संकल्प लिया कि बेटी-बेटा को एक समान मानते हुये उनमें कोई भेदभाव न करके समान शिक्षा दिया जाएगा। अब गाँव की बेटियाँ अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिवार के हर काम मे सहयोग करेंगी। उचित शिक्षा प्राप्त करके ऊँचे पदों तक पहुँचेंगी और परिवार के साथ-साथ गाँव का भी नाम रोशन करेंगी। इस कार्य में सभी ग्रामवासी एक दूसरे का सहयोग करेंगे।

**नारी निंदा मत करो, नारी नर की खान।**
**नारी से नर होत हैं, ध्रुव प्रहलाद समान॥**

### इस माह किये गये अन्य कार्य-

- 500 लोगों को नि:शुल्क मास्क वितरण किया गया।
- 80 लोगो को फल वितरण किया गया।
- नशा मुक्ति रैली निकाली गई।
- पत्र लेखन, गीत, और भाषण प्रतियोगिता कराई गई।
- पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया गया।
- सामूहिक स्वच्छता, श्रमदान कराया गया।






# गाँव को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प

## सलोई, विदिशा (मध्य प्रदेश)

सलोई, मध्य प्रदेश में सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत स्वच्छता समिति व सेवाभावी समिति की बैठक की गई। जिसमें गाँव के जन सहयोग से डस्टबिन वितरण करने का निर्णय लिया गया। गाँव में सार्वजनिक स्थान का चयन किया गया है जहाँ गाँव के सभी लोग कूड़ा डालेंगे।

गाँव के सभी 130 परिवारों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कूड़ादान दिया गया। गाँव के लोगों द्वारा स्वच्छता का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ कूड़ेदान का प्रयोग कर कचरे को गाँव में एक स्थान पर डालने का निर्णय लिया। गाँव को सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है, इसलिए ग्रामीणों ने निश्चय किया है कि प्रतिदिन सुबह 08:00 बजे गाँव के सभी लोग कचरे को एक सार्वजनिक स्थान पर बने गड्ढे में डालेंगे, जिसका प्रयोग खेतों में जैविक खाद के लिए उपयोग किया जा सकेगा। स्वच्छ गाँव-स्वस्थ गाँव को आधार मानकर गाँव को पूर्ण रूप से साफ सुथरा बनााने का निर्णय लिया।




**इस माह में किए गए अन्य कार्य-**

- जल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली का आयोजन किया गया।
- भजन मंडली द्वारा सामूहिक भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया।
- पशु चिकित्सा शिविर में 80 गाय व 34 भैसों का टीकाकरण कर दवा वितरण की गई।
- गाँव के 28 किसानों का मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का फॉर्म भरा गया।
- सिलाई केन्द्र द्वारा 100 मास्क वितरण किया गया।



# नारी सम्मान कार्यक्रम

## कादीपुर, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान का बहुत महत्व है इसलिए कहा गया है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता:" अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते हैं। नारी की स्थिति से समाज और देश के सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तर का पता चलता है। नारी एक माँ है, नारी ही सृष्टि। सृष्टि की कल्पना बगैर माँ कल्पना नहीं की जा सकती। सम्मान अपमान की बातें समाज में हर समय घटित होती रहती है। किंतु स्त्रियों के साथ किए जाने वाले भेदभाव की बात को विशेष तौर पर अक्सर उठाया जाता है।

नारी के सम्मान सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री जी का समर्पण दुनियाँ के लिए प्रेरणा देता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी जी ने चुनिंदा महिलाओं को सोशल मीडिया का काम संभालने का मौका देकर एक मिसाल कायम की। कादीपुर गाँव में चल रहे 8 स्वयं सहायता समूहों के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव सहित कुल 24 मातृशक्तियों को **काशी विश्वनाथ अन्नपूर्णा** का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

ये महिलाएँ समूह के माध्यम से गाँव और समाज में बड़ी लगन से घरेलू कामों से समय निकालकर सेवा का काम करती है जिससे गाँव की अलग पहचान आसपास के गाँवों में दिला रही हैं।

**इस माह किये गये अन्य कार्य-**

- गाँव के 20 सदस्यों का आधार कार्ड संशोधन कराया गया।
- 10 मजदूर भाइयों का मनरेगा जॉब कार्ड बनवाया गया।
- जन जागरूकता के लिए स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली गई।
- स्वास्थ्य शिविर कैम्प में 150 महिला एवं पुरुष का नि:शुल्क इलाज।
- गाँव के 10 लोगों का आय प्रमाण पत्र बनवाया गया।



# किसान गोष्ठी कार्यक्रम

## बसई, उ.सि. नगर (उत्तराखण्ड)

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना और परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत आदर्श गाँव बसई का मजरा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सहभागी प्रत्याभूति योजना (PGS) की ओर से जैविक किसान समूह के 20 सदस्यों को एक वर्षीय जैविक कृषि का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री बब्लेश कुमार जी ने बताया कि मैं और हमारी पूरी टीम निरंतर कृषि कार्यों को किसानो तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं।

सभी किसान बंधु जानते हैं कि पहले हमारे परिवार के सदस्य परम्परागत कृषि ही करते थे लेकिन अधिक उपज की लालच के कारण आज यह स्थिति हो चुकी है कि जो उपज हम परम्परागत कृषि से पाते थे उसको भी खो चुके हैं। इसके दुष्परिणाम आने वाले भविष्य में हमारी पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। जिसके सबसे बड़े जिम्मेदार हम होंगे। जिस प्रकार अधिक दूध के लालच के कारण हम विदेशी नस्ल की गायों का अधिक पालन कर रहे हैं परिणामस्वरूप हर दूसरे व्यक्ति को घुटने का दर्द, कैंसर, शुगर एवं ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियाँ जकड़ रही हैं। देसी नस्ल की गाय का गोमूत्र, गोबर एवं अन्य सभी तत्व हमारी जैविक कृषि के लिए अत्यधिक लाभकारी होते हैं। जैविक किसान बंधुओं के इस परिश्रम से आसपास के गाँव के किसानों को भी प्रेरणा मिल रही है।

### इस माह किये गये अन्य कार्य-

- सभी चयनित 50 परिवारों में तय किए गए स्थानों पर पोषण वाटिका बनवाई गई।
- वर्मी कम्पोस्ट खाद के गड्ढे हेतु 12 किसानों के रजिस्ट्रेशन किये गए।
- पॉलीथिन मुक्त गाँव हेतु 70 थैले वितरण किए गए।
- हरियाली मुक्तिधाम का मुख्य द्वार बनवाया गया।
- सार्वजनिक स्थानों पर 7 बेंच लगाई गई।
- स्वच्छता के लिए 10 कोटेशन लगाए गए।
- गाँव में 70 फलदान पौधे वितरित किए गए।



# मास्क और सैनिटाइजर वितरण

## नगलावर, मथुरा (उत्तर प्रदेश)

जैसा कि आप सब को विदित है कि पूरा देश कोविड-19 वैश्विक महामारी से जूझ रहा है। सभी देश कोरोना को ठीक करने की वैक्सीन बनाने में लगातार जुटे हुए हैं लेकिन अभी तक कोई वैक्सीन बनने में सफल नहीं हो पाया। इस महामारी से बचने के कुछ उपाय हैं जैसे- शारीरिक दूरी, इम्यूनिटी पॉवर को मजबूत करना, गर्म पानी पीना, दूध में हल्दी डालकर पीना, काढ़ा पीना, मास्क एवं सेनिटाइजर का उपयोग करना। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा गाँव नगलावर के सभी 80 परिवारों में मास्क और सैनिटाइजर वितरण किया गया है। गाँव में घर-घर जाकर कोरोना से बचने और जागरूकता फैलाने का भी काम किया गया है। सेनिटाइजर का उपयोग कोरोना को फैलने से रोकने में कारगर सिद्ध हुआ है, इसलिए संस्था द्वारा मास्क व सेनिटाइजर बांटे जा रहे हैं, जिससे कि गाँव में कोरोना फैल न सके।




**इस माह में किए गए अन्य कार्य-**

- मन्दिर समिति का गठन किया गया।
- रंगोली व गृहसज्जा प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया
- युवाओं द्वारा मैराथन दौड़ कराया गया।
- भाषण, गीत और चित्रकला प्रतियोगिता कराया गया।
- तुलसी पूजन किया गया।
- स्वदेशी अपनाओ रैली निकाली गई।
- संस्कार केन्द्र पर अग्निहोत्र किया गया।



